1. प्यारी मैना

प्यारी-प्यारी मैना आओ,
मीठे-मीठे फल खा जाओ।
चूँ-चूँ चिक-चिक गाना गाओ,
आओ जल्दी पर फैलाओ।।
छोटी-सी है चोंच तुम्हारी,
आँखें मोती जैसी प्यारी।
रंग-बिरंगे पर हैं सुन्दर,
आ जा मेरे घर के अंदर।।





2. माँ

माँ मुझको बंदूक मँगा दो,
मैं भी लड़ने जाऊँगा।
नन्हे–नन्हे हाथों से,
दुश्मन को मार भगाऊँगा।
वीर सिपाही बन भारत का,
माँ के कष्ट मिटाऊँगा।।



3. पतंग

पतंग मेरी उड़ती जाए,
आसमान पर चढ़ती जाए।
दाएँ जाए, बाएँ जाए,
घूमे, नाचे और इठलाए।
ऊपर–नीचे गोते खाए,
फिर भी कोई पकड़ न पाए।।